## संक्षिप्त

### प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग

**उदयपुर ।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शुक्रवार को आयोजित 'आदि कर्मयोगी अभियान' के नेशनल कॉन्क्लेव में राज्य के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि राजस्थान में जनजाति बालिकाओं के लिए 12वीं कक्षा से कराई जा रही नीट की कोचिंग को अब 11वीं कक्षा से शुरू करवाया जाएगा जिससे उन्हें कोचिंग के लिए ज्यादा समय मिल सके। उन्होंने बताया की जनजाति विकास विभाग अब जनजाति बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग भी करवाएगा। इससे आर्थिक रूप से पिछड़े आदिवासी बहुल इलाकों के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ ही नौकरी पाने के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। अभी तक यह कोचिंग सामाजिक अधिकारिता विभाग करवा रहा है लेकिन अब जनजाति विकास विभाग कम से कम 25 बच्चों की कोचिंग अपने स्तर पर शुरू करवाने जा। खराड़ी ने बताया कि केंद्र सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान और 'धरती आभा' कार्यक्रम के तहत प्रदेश में जनजाति क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास काम हो रहा है। सभी जनजातीय आवासीय विद्यालयों में न्यूनतम तीन सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं जिससे भोजन की गुणवत्ता और बच्चों की सुरक्षा पर फोकस किया जा सकेगा। खराडी ने बताया कि राजस्थान सरकार आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ट्राईब पत्रिका के लिए आलेख आमंत्रण

**उदयपुर,** माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर द्वारा प्रकाशित होने वाली ट्राईब पत्रिका के अक्टूबर-दिसम्बर 2०25 अंक के लिए आलेख आमंत्रित किये जा रहे हैं। टीआरआई निदेशक ओपी जैन ने बताया कि संबंधित शोध परक अप्रकाशित आलेख 5 नवम्बर तक संस्थान में जमा करवाए जा सकते है। आलेख मौलिक एवं प्रमाणिक हो। इस संबंध में अधिक जानकारी संस्थान में प्रभारी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह सोलंकी (मो. 80786०8266) एवं विनय कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष (मो. 963696०434) से प्राप्त की जा सकती है।

### धरातल पर उतारने के लिए करें प्रयास'

**उदयपुर,** । राइजिंग राजस्थान के तहत उदयपुर जिले के लिए निवेश प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में हुए कुल एमओयू, क्रियान्वित परियोजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विभागवार एवं स्तरवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत निवेश प्रस्तावों को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए गंभीर और ठोस प्रयास किए जाएं। मेहता ने कहा कि राइजिंग राजस्थान केवल एक निवेश अभियान नहीं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिले के प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग मिले और परियोजनाओं का कार्यान्वयन समयबद्ध ढंग से हो। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित एमओयू की वर्तमान स्थिति सेअवगत कराया। जिला कलक्टर ने निवेश से जुडे प्रस्तावों की सतत मॉनिटरिंग करने एवं विभागीय समन्वय मजबूत करने पर बल दिया।बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौ विज्ञान परीक्षा की पुस्तक का विमोचन

**उदयपुर ।** भारतीय संस्कृति में गौ माता के प्रति श्रद्धा और विज्ञान का अद्भुत संगम प्रस्तुत करने वाली गौ विज्ञान परीक्षा 2025 की पुस्तक का विमोचन उदयपुर के जिला कलेक्टर नमित मेहता द्वारा किया गया। यह विमोचन गौ सेवा गतिविधि, चित्तौडगढ प्रांत के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। परीक्षा आयोजन समिति सदस्य नरेश नागदा ने जानकारी दी कि गौ विज्ञान परीक्षा 2025 आगामी 18 नवम्बर 2०25 को आयोजित की जाएगी। इसमें सभी विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में गाय के बहुआयामी योगदान के प्रति वैज्ञानिक चेतना का प्रसार करना है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक (शिक्षा) चंद्रशेखर जोशी, उदयपुर विभाग परीक्षा प्रभारी महिपाल सिंह, महानगर प्रभारी अनिल आमेटा, चंद्रशेखर चौबीस, देवीलाल शर्मा एवं मुकेश जोशी सहित कई कार्यकर्ता एवं शिक्षा क्षेत्र से जुडे पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है।

# कर्मचारियों को दी आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग

■ निजी अस्पतालों में हुई अग्निशमन मॉक ड्रिल

**उदयपुर,** । शहर के प्रमुख निजी अस्पतालों में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को नगर निगम उदयपुर के अग्निशमन विभाग की ओर से प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पतालों में फायर फायरिंग सिस्टम को परखा गया साथ ही आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों के संबंध में जागरूक किया गया।

जिला कलक्टर एवं नगर निगम प्रशासक नमित मेहता तथा आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देशानुसार उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विनोद कुमार के सानिध्य में सुबह 11 बजे गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा दोपहर 2 बजे पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उमरडा तथा पैसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदलामें मॉक ड्रिल की गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी के नेतृत्वमें सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीपसिंह बग्गा एवं टीम ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान अस्पताल में आग लगने पर मरीजों को बचाने का डेमो भी किया गया।

साथ ही अस्पताल स्टाफ ने फायर ब्रिगेड की टीम की देखरेख में उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया और आपसी समन्वय के साथ निकासी अभ्यास किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न प्रकार की आग तथा उपयुक्त अग्निशमन विधियों की जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पतालों में सुरक्षा प्रणाली को मजबूतबनाना, अस्पतालों में आग जैसी आकस्मिक स्थितियों में मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इस दौरान कर्मचारियों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में कैसे त्वरित प्रतिक्रिया देनी चाहिए, किस प्रकार फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करना है और आपातकालीन निकासी प्रक्रिया को कैसे अमल में लाना है। उल्लेखनीय है कि अग्निशमन विभाग की ओर से गत दिनों महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में भी अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉकड्रिल की थी।

## आमजन भी दे सकेंगें फीडबैक

**उदयपुर ।** दीपावली के पावन अवसर पर झीलों की नगरी में इस वर्ष भी 19 व 20 अक्टूबर को शहर के प्रमुख चौराहों एवं स्थानों पर दीपावली स्वागत द्वार प्रतियोगिता- 2025 आयोजित की जा रही है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता की दो श्रेणियों में कुल 39 टेन्ट व्यवसायी भाग ले रहे हैं। प्रथम श्रेणी में 12 और द्वितीय श्रेणी में 27 टेन्ट व्यवसायी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में विभिन्न अधिकारियों के कुल 6 दल गठित किए गए हैं जो उक्त तिथियों पर टेन्ट के आकार, सजावट, थीम एवं नवाचार तथा आमजन की प्रतिक्रिया के आधार पर निर्णय करेंगें। जिला कलक्टर ने बताया कि इस बार आमजन भी ऑनलाइन अपना फीडबैक देकर प्रतियोगिता की रैंकिंग के निर्धारण में अपनी भूमिका निभा सकेंगें।

## भविष्य की ओर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का कदम

**उदयपुर ।** जनजाति क्षेत्रिय विकास विभाग यूएनएफपीए एवं आईपीईसीकेडी के सयुंक्त तत्वाधान से स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षण का आयोजन उदयपुर होटल कनक श्री में किया गया। में किया गया। इस प्रशिक्षण में उदयपुर और सलूंबर ब्लॉक के 30 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ॰ अशोक आदित्य ने कहा कि विद्यालय भ्रमण के दौरान काउंसलिंग को मजबूत बनाकर किशोर स्वास्थ्य में सुधार लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किशोरियां भविष्य की माताएं हैं, और उनका स्वस्थ रहना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का कार्य क्षेत्र स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के सभी विषयों से जुडा हुआ है। आवश्यकता इस बात की है कि काउंसलिंग को और सशक्त बनाया जाए ताकि विशेष रूप से जनजातीय किशोर-किशोरियां, जो संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने में झिझकते हैं, सहज महसूस करें और अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को साझा कर सकें। इससे उनके समग्र स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार होगा।

जिला समन्वयक-राष्टीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम राकेश मीणा ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए सही दिशा में काउंसलिंग की अत्यंत आवश्यकता है। नोडल अधिकारी अस्तित्व कार्यक्रम जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग अमृता दाधीच ने बताया कि किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना बेहद जरूरी है।

## 10 हजार दीयों से आज जगमगाएगा प्रताप गौरव केन्द्र

**उदयपुर,** । वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अंतर्गत संचालित उदयपुर का प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' धनतेरस पर शनिवार को 10 हजार दीयों से जगमगाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर के तहत गौरव केन्द्र के 100 अलग-अलग कोनों में 100-100 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही, इस अवसर पर हल्दीघाटी विजय के सार्द्ध चतु:शती वर्ष के उपलक्ष में चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के कोषाध्यक्ष तथा दीपोत्सव कार्यक्रम के संयोजक अशोक पुरोहित ने बताया कि गौरव केन्द्र स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष बड़े आकार का दीपक प्रज्वलित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया और भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस दीपक की लौ प्रज्वलित होते ही पूरे परिसर में 10 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। चूंकि, यह वर्ष हल्दीघाटी विजय का 450वां वर्ष है, इसके तहत मेवाड़ के रणबांकुरों के शौर्य व ऐतिहासिक प्रतिमानों की चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ने बैठक ली

**उदयपुर ।** जिला एवं सैशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने मुख्यालय एवं तालुका के न्यायिक अधिकारीगण की ली बैठक । मीडियेशन फॉर द नेशन के तहत अधिकाधिक प्रकरणों को मध्यस्था हेतु रेफर करने एवं निस्तारण के दिए निर्देश। बैठक में एडीजे एवं जज इन्चार्ज मिडियेशन महेन्द्र कुमार दवे द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को विस्तार से मीडियेशन फॉर दे नेशन की पूर्व उपलब्धियों एवं उक्त अभियान के 15 नवम्बर तक बढाये जाने के बारे में बताया । कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ने बताया कि न्यायालय में लंबित राजीनामा प्रकरणो के निस्तारण के लिये पूर्व में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक मीडियेशन फॉर दे नेशन अभियान चलाया था । उक्त अभियान के तहत उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के न्यायालयो में लंबित 1092 प्रकरणो का राजीनामें के माध्यम से निस्तारण किया गया था । प्रशिक्षित मध्यस्थगण, पक्षकारगण एवं अधिवक्तागण के सहयोग से मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान की पूर्ण सफलता को देखते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार उक्त अभियान को 15 नवम्बर तक जारी रखा जाने के निर्देश प्राप्त हुए है । कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी पक्षकार का राजीनामा योग्य कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है एवं पक्षकारगण आपस में समझोते से प्रकरण का हमेशा के लिए निपटारा करना चाहते तो संबधित न्यायालय में उपस्थित होकर पीठासीन अधिकारी से निवेदन कर सकते है ।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः उविप्रा/हुडको शाखा/2025/584 **आम-सूचना** दिनांकः- 11/9/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदनकर्ता द्वारा क्वाटर का पंजीकृत वसीयत नामा/दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | क्वाटर संख्या | क्षेत्रफल वर्गफिट / वर्ग मी. | योजना का नाम | आवेदक का नाम / पिता /पति का नाम | विक्रेता का नाम / विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Q.No. E-41 Online Mut/ 4093 | 236.5 वर्गफीट | हिरण मगरी सेक्टर नं. 9, ब्लाक बी योजना | श्रीमती संगीता सुहालका पत्नी श्री रमेश चन्द्र सुहालका | उक्त क्वाटर वर्तमान में श्री त्रिलोक शर्मा पिता श्री भंवरलाल शर्मा के नाम पर दर्ज है। श्री त्रिलोक शर्मा पिता श्री भंवरलाल शर्मा द्वारा उक्त क्वाटर के सम्बन्ध में दिनांक 29.05.2023 को श्रीमती सरिता चौधरी पत्नी श्री चंचल कुमार के पक्ष में पंजीकृत मुख्तियार नामा निष्पादित किया गया। तत्पश्चात श्री मिलन सुवासियाँ पिता श्री ओम प्रकाश सुवासियाँ द्वारा उक्त क्वाटर को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02. 06.2023 से श्री त्रिलोक शर्मा पिता श्री श्रीमती भंवरलाल शर्मा ज.मु.आम. सरिता पत्नी श्री चंचल कुमार चौधरी से क्रय किया गया. आवेदक श्रीमती संगीता सुहालका पत्नी श्री रमेश चन्द्र सुहालका द्वारा उक्त क्वाटर को श्री मिलन सुवासियाँ पिता श्री ओम प्रकाश सुवासियाँ से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.07.2025 से क्रय किये जाने के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त क्वाटर का उपरोक्त वर्णित पंजीकृत वसीयत नामा/दस्तावेजों के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज हो तो अपनी आपत्ति मय आधारो सहित सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस प्रस्तुत की अवधि में इस कार्यालय में संबधित शाखा के अन्दर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को कर संबंधित शाखा प्रभारी को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवदेक के नाम पर उक्त क्वाटर का नामान्तरण- पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी, हुडको शाखा, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**


# लेकसिटी में 'वेस्ट टू आर्ट' कार्यशाला

■ कचरे से कला तकः भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ने रचा स्वच्छता का नया आयाम

**उदयपुर,** । भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार), उदयपुर द्वारा स्वच्छता 5.0 अभियान के अंतर्गत 'वेस्ट टू आर्ट' विषय पर दो दिवसीय आंतरिक कार्यशाला का समापन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला डॉ. निलांजन खटुआ, कार्यालय प्रमुख एवं उपनिदेशक के नेतृत्व में तथा आर्ट एंड क्राफ्ट आर्टिस्ट नीलोफर मुनीर के कलात्मक पर्यवेक्षण में हुई। कार्यशाला का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं के रचनात्मक पुन: उपयोग को बढ़ावा देना और कला के माध्यम से स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता का संदेश देना था। कार्यशाला में वैज्ञानिक और अन्य अनुभागों के सदस्यों ने पुराने समाचार पत्रों से आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल फाइल कवर बनाए। इसी प्रकार सदस्यों ने घरेलू अनुपयोगी सामग्री से रंग-बिरंगी पतंग शिल्प (ख्यू ऍं) तैयार की, जो टीम भावना और सतत विकास की उड़ान का प्रतीक बनी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए उपनिदेशक डॉ. निलांजन खटुआ ने कहा कि जहाँ लोग अनुपयोगी सामग्री देखते हैं, वहीं एक कलाकार संभावना देखता है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता 5.0 अभियान के अंतर्गत 'वेस्ट टू आर्ट' जैसी पहल न केवल पुनर्चक्रण को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में स्वच्छ, हरित और सृजनशील जीवनशैली के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करती है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला इस सोच का प्रतीक बनी कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक सुंदर भविष्य की दिशा है।

## सड़क पर बनाई दीवार का काम रूका

**उदयपुर,** । उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर की फतहपुरा चौराहे को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग पर गत दिनों रेलवे की दीवार से पांच फीट आगे दीवार बनाकर वहां गार्डनिंग या फूड जोन विकसित करने का प्लान था लेकिन विरोध के बीच बीते कई दिनों से काम को रोक दिया गया लेकिन इसके तहत सड़क पर बनाई गई दीवार ऐसे ही खड़ी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रेलवे की दीवार से आगे लगभग 15 से 35 फीट तक सड़क पर दीवार बनाकर अतिक्रमण किया गया था। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद यूडीए ने काम रोक दिया, लेकिन अभी तक सड़क पर बनी दीवार नहीं हटाई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दीवार बनाने से सड़क संकरी होने और अतिक्रमण की वजह से रोज़मर्रा के आवागमन में परेशानी हो रही है। लोगों ने इसे तुरंत हटाने की मांग की है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत थाना पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर**

क्रमांकः-एफ( )/ग्रापं/लेखा/ई-निविदा/2025/93 दिनांक-17.10.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत थाना में जीपीडीपी योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्माण कार्य एवं दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग व नगर निगम में पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में एवं टेण्डर डॉक्युमेंट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देख सकते है।

UBN NO- ZUD2526WSOBO2268
ZUD2526WSOBO2269

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत थाना | ग्राम पंचायत थाना |
| पं.स. ऋषभदेव | पं.स. ऋषभदेव |
| जिला-उदयपुर | जिला-उदयपुर |


## दीपोत्सव की शुरुआत आज से

**उदयपुर,** (का.स.) ।झीलों की नगरी उदयपुर के महालक्ष्मी मंदिर में पांच दिवसीय दीपोत्सव का आयोजन शनिवार को धनतेरस से शुरू होगा। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस बार भी कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। अलग.अलग समितियां गठित कर जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। पाच दिवसीय दीपोत्सव के दौरान मंदिर में करीब चार-पांच लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना है। उत्सव की शुरुआत शनिवार को धनतेरस से सुबह 4.30 बजे मंगला दर्शन से होगी। इस दिन माता लक्ष्मी को तीन अलग.अलग वेश.भूषा में श्रृंगार किया जाएगा। 19 अक्टूबर रूप चौदस के दिन भी विशेष श्रृंगार होगा। 21 अक्टूबर दीपावली की सुबह माता को सोने के गहनों से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। 22 अक्टूबर को दीपोत्सव का समापन होगा।

# अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

■ आमजन की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए पुलिस को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कुडी ने उदयपुर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान ये बात कही

**उदयपुर,** । राजस्थान राज्य पुलिस जवाबदेही समिति के अध्यक्ष एच.आर. कुडी ने कहा कि राज्य स्तरीय पुलिस जवाबदेही समिति के कार्य और क्षेत्राधिकार के बारे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी हो इसके लिए समिति आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास करती है। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकर उनको भी बताते हैं कि आमजन को पुलिस से किस तरह की शिकायते हैं। आमजन की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए पुलिस को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कुडी ने उदयपुर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान ये बात कही।

उन्होंने कहा कि पुलिस के दुराचरण की जो भी शिकायते आती हैं, उसमें सिविल कोर्ट की तरह जांच करते हुए अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को भेजते हैं। अभी जिला स्तर पर पुलिस जवाबदेही समितियों का गठन नहीं हुआ है, इसलिए कांस्टेबल से लेकर डीजी पुलिस तक से संबंधित शिकायतों को सुना जाता है। सबसे अधिक शिकायतें इस बात को लेकर आती है कि संज्ञेय अपराधों में एफआईआर तुरंत दर्ज करनी होती है, वो पुलिस नहीं करती है। यह समिति का भी मानना है कि इस बारे में सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। इससे पहले जनसुनवाई में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि पुलिसकर्मी आए दिन मुल्जिम की तलाश के नाम पर उसके घर में घुस जाते हैं। उसके बाल पकडकर मारपीट भी की गई।

रात को भी तलाशी के नाम पर पुलिसकर्मी आ जाते हैं और धमकाते हैं। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी भी साथ नहीं होती है। महिला का कहना है कि दो लोगों की खमनोर थाना पुलिस तलाश कर रही है, उनसे पिछले डेढ दो माह से उसका संपर्क नहीं हुआ है। इस पर कुडी ने एडिशनल एसपी उमेश ओझा को शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह साइबर ठगी स पीडित एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी के बैंक खाते से रूपये निकाल लिए गए थे। इसकी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। बैंक वालों को पुलिस की ओर से लिखकर देना है कि उसकी राशि रिलीज कर दी जाए, लेकिन सुखेर थाने वाले लिखकर नहीं दे रहे हैं। वो कई बार पुलिस थाना जाकर आए, लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक पुलिस थाने वाले बैंक को लिखकर नहीं दे रहे हैं।


**पंचायत समिति ऋषभदेव -उदयपुर**

क्रमांकः-ई-निविदा/लेखा/ग्रापऋष/25-26/247 दिनांक-17/10/2025

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत ऋषभदेव क्षैत्र में आने वाले यात्री वाहनों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में (01.11.2025 से 31.10.2026 तक) यात्री कर लिये जाने हेतु दिनांक 27-10-2025 को ग्राम पंचायत ऋषभदेव द्वारा खुली बोली के माध्यम से दर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code ZUD2526A1938
UBN is ZUD2526SSRCO2272

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत ऋषभदेव | ग्राम पंचायत ऋषभदेव |
| पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर | पं.स. ऋषभदेव जिला-उदयपुर |


# 'जनता द्वारा सीधे मेयर और चैयरमैन चुनने का फार्मूला लागू करें सरकार'

■ डेढ़ दशक बाद नगर निकाय की चुनाव प्रक्रिया बदलने की सुगबुगाहट पर बोले गुप्ता

■ सरकार ने मंथन के बाद लिया सकारात्मक निर्णय लिया तो आएगा बड़ा बदलाव

**डूंगरपुर,** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रदेश समन्वयक एवं पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निकायों में मेयर और चैयरमैन चुनाव की प्रक्रिया में बदलाव की सुगबुगाहट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि जनता द्वारा सीधे निकाय प्रमुखों का चुनाव शहरों और विकासशील महानगरों की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार जनता द्वारा सीधे मेयर और चैयरमैन चुने जाने के फार्मूले को लागू करें तो जनता भी दिल खोलकर इस निणन्य का स्वागत करेगी।

उल्लेखनीय है कि एक राज्य-एक चुनाव के तहत प्रदेश में आगामी वर्ष नगरीय निकायों के चुनाव प्रस्तावित है। सरकार ने जहां पर कार्यकाल समाप्त हो चुका है वहां प्रशासक नियुक्त किए है और नगरीय चुनावों की तैयारी शुरू हो चुकी है। इधर, करीब 16 वर्ष बाद एक बार फिर मेयर एवं चैयरमैन चुनाव के फार्मूले में बदलाव की आहट सुनाई पड़ रही है। बताया जाता है कि राज्य सरकार का नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्रालय नए फार्मूले पर मंथन की सोच रहा है। यूडीएच में मंथन के बाद निर्णय होगा लेकिन फिलहाल इस फार्मूले पर मंथन की सुगबुगाहट ने हलचल पैदा कर दी है। ज्ञातव्य है कि इससे पहले वर्ष 2009 में प्रदेश में जनता ने सीधे मेयर एवं निकाय प्रमुखों का चुनाव किया था। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया और व्यवस्था में बदलाव किया गया और पार्षदों को चुनाव का अधिकार दिया गया। चर्चा है कि सरकार नए फार्मूले के लिए मंत्री, विधायक एवं सांसद से रायशुमारी कर सुझाव मांग सकती है। नगर निकायों में मेयर और चैयरमैन का चुनावी फार्मूला बदलने के मामले में सरकार की ओर से निर्णय दीपावली के बाद ही हो सकेगा।

अनुमान है कि सरकार और संबंधित विभाग इस पर विस्तार से चर्चा, मंथन और तमाम एंगल से सोच विचार के बाद निणन्य लेगी। यदि सरकार की ओर से निणन्य सकारात्मक आता है तो प्रदेश की 309 निकायों में जनता को चैयरपर्सन चुनने का सीधा अधिकार मिल सकेगा। जनता के वोट की ताकत बढ़ेगी और जनता द्वारा सीधे चुनाव से योग्य, कर्मठ, विकास के विजन को लेकर शहरी तस्वीर बदलने का दमखम रखने वाला व्यक्ति चुनकर आएगा। यह भी बताया जा रहा है कि चुनावों में शैक्षिक योग्यता को लेकर भी मंथन किया जा रहा है। राज्य सरकार यदि आगामी वर्ष में होने वाले नगर निकाय चुनाव में मेयर और चैयरमैन के लिए नया चुनावी फार्मूला लागू करती है तो बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। नगर पालिका से लेकर नगर निगमों तक में चैयरपर्सन और पार्षदों के बीच टकराव और विरोधाभास पर अंकुश लगेगा।

बताया जाता है कि नगर निकाय वाडी के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी है, जल्द ही गजट नोटिफिकिशेन जारी होगा। ओबीसी आयोग के आंकडे आने के बाद लॉटरी प्रक्रिया का आगाज होगा। पहली बार एक राज्य-एक चुनाव के तहत नगर निकाय के चुनाव होने जा रहे है। भाजपा नेता एवं पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि नगर निकाय चुनाव के तहत चैयरपर्सन के चुनाव का फार्मूला सरकार बदलती है तो यह बड़ा और आशातीत बदलाव लाने वाला निणन्य साबित होगा। गुप्ता का मानना है कि शहरी सरकार में चैयरपर्सन का चुनाव पार्षदों द्वारा किए जाने से नगर निकाय का मुखिया दबाव में काम करता है। पार्षदों के दबाव के चलते चैयरपर्सन खुलकर काम नहीं कर पाता और परिणामस्वरूप पांच साल का कार्यकाल खत्म होने तक जनता में नेगेटिव छवि बनने लगती है।

गुप्ता ने कहा है कि नया फार्मूला लागू किया जाएं तो जनता की पसंद का चैयरमैन बागडोर संभालेगा और जनता की उम्मीदों को नई उड़ान देने हरसंभव प्रयास करेगा। जनता द्वारा सीधे चुनाव से बाहरी और अंदरूनी दबाव समाप्त हो जाएगा और असल मायनों में धरातल पर विकास और नगरीय निकाय से जुड़े काम उतरने लगेंगे। गुप्ता का कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश समन्वयक होने के नाते उन्होंने प्रदेश की तमाम निकायों का दौरा किया है।

नगरीय निकाय के कायी के अलावा स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मिशन का बूरा हश्र है। राजस्थान में कहीं ना कहीं मेयर से विवाद, चैयरमैन निलंबन, अविश्वास जैसे मामले सुनाई देते है। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर शहरी क्षेत्र को छोडक़र राजस्थान की एक भी निकाय का कार्य संतोषप्रद नहीं है। कोई भी शहर स्वच्छता के मामले में साख नहीं सुधार पाया है। गुप्ता ने साफ शब्दों में प्रतिक्रिया जताई है कि यदि सीधे चुनाव होता है तो ऐसे व्यक्ति का निर्वाचन होगा तो शहर में बदलाव ला सकता है। नए फार्मूले से सच्चे और अच्छे लोग आगे आएंगे और जनता के लिए, जनता के प्रति जवाबदेही तय कर सकेंगे।


**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति ऋषभदेव, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः-पसऋ/लेखा/2025-26/1262 दिनांक-16.10.2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

पंचायत समिति ऋषभदेव के समस्त कलस्टरों की ग्राम पंचायतों में सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट बोलीदाताओं/संवेदको से दर संविदा निविदा दिनांक 27.10.2025 को समय शाम 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदाओं का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1 NIB code ZUD2526A1921 and UBN is: ZUD2526WSLB02253
2 NIB code ZUD2526A1922 and UBN is: ZUD2526WSLB02254
3 NIB code ZUD2526A1923 and UBN is: ZUD2526WSLB02255
4 NIB code ZUD2526A1924 and UBN is: ZUD2526WSLB02258
5 NIB code ZUD2526A1925 and UBN is: ZUD2526WSLB02257
6 NIB code ZUD2526A1926 and UBN is: ZUD2526WSLB02259
7 NIB code ZUD2526A1927 and UBN is: ZUD2526WSLB02260

| प्रधान | विकास अधिकारी |
|---|---|
| पंचायत समिति ऋषभदेव | पंचायत समिति ऋषभदेव |
| जिला-उदयपुर ( राज. ) | जिला-उदयपुर ( राज. ) |